तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



13 ड्रोन टेक्नोलॉजी ने कृषि कार्य में लायी नई क्रांति





14 कलेक्टर ने स्कूल, छात्रावास और खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया




## खबर संक्षेप

### भजन संध्या व कारसेवकों का सम्मान आज

**बलौदाबाजार।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में शुक्रवार 12 जनवरी को कारसेवकों का सम्मान तथा भजन संध्या का आयोजन रखा गया हैं। रामसागरा तालाब के समीप रामेश्वरम धाम में शाम 7 बजे से प्रांरभ भजन संध्या में दीपक केशरवानी अपने साथियों के साथ प्रस्तुति देंगे। उक्ताशय की जानकारी आयोजक रामेश्वरम धाम समिति बलौदाबाजार की ओर से दी गई है।

### सोनारदेवरी में तीन दिवसीय रामायण 14 से

**पलारी।** ग्राम सोनारदेवरी के साकार रामायण समिति के



तत्वावधान में मकर संक्रांति पर तीन दिवसीय रामायण शिविर का आयोजन 14, 15 और 16 जनवरी को रखा गया है। समिति के सदस्यों ने मानस मंडलियों से प्रभु राम के महिमा का गुणगान कर ग्रामवासियों को कृतार्थ करने की अपील की है।

### सब्जी की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने सब्जी की बात को लेकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज किया है। प्रार्थी लंबोदर दीप पिता स्व धनंजय दीप (50 साल) ग्राम गोपालपुर ने गुणसागर चौहान ग्राम जोगीदादर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाया है कि सब्जी के बात को लेकर उसके साथ आरोपी ने गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### छोटा हाथी वाहन ने सायकल सवार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** छोटा हाथी वाहन की ठोकर से एक 14 साल का बच्चा घायल हो गया। प्रार्थी खुमेश सोनी पिता अश्वनी सोनी (14 साल) ग्राम कांपा ने पुलिस को बताया कि छोटा हाथी वाहन क्र सीजी 06 जीएन 7259 का चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बरबसपुर जाने का मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास ठोकर मार दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा पट्टी के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सट्टा जुआ खिला रहे धरम सिंह राजपूत पिता टीकम सिंह राजपूत एवं प्रमोद पाणीग्रही पिता स्व. शेषदेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से नगद रकम 2330 रुपए एवं 2 नग सट्टा पट्टी बरामद किया है। आरोपियों पर 6 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# राममय हुआ शहर, युवा रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में सक्रिय

## नगर का युवा वर्ग सभी प्रमुख मंदिरों को सजाने के पुण्य कार्य में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रही भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाटापारा शहर में भी भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है।

विदित हो कि भाटापारा नगर को धर्म नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में धार्मिक संस्थाएं समय-समय पर विविध आयोजन करती रहती हैं। धार्मिक संस्थाओं के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में नगर का युवा वर्ग सभी प्रमुख मंदिरों को सजाने का पुण्य कार्य कर रहा है। सबसे प्रमुख बात है कि पहली बार नगर के मुख्य मार्ग और चौक चौराहों की साज सज्जा के साथ-साथ नगर के पिछड़े वार्डों और गलियों में भी आयोजन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगर के सभी वार्डों में प्रभात फेरी के साथ-साथ संध्या भजन के लिए युवाओं की टोली सतत रूप से लगी हुई दिखाई दे रही है।





### कलश स्थापना के साथ ही अक्षत निमंत्रण पत्र का घर-घर वितरण

22 जनवरी के पावन दिवस को यादगार बनाने के लिए सभी वर्गों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। घर-घर अक्षत के साथ निमंत्रण कार्ड व प्रत्येक वार्ड के प्रमुख मंदिर में कलश की स्थापना की जा रही है। सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा दिवस के दिन आरती व भजन कीर्तन के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है।

**नगर के मंदिरों में होगा रामलाल का कीर्तन पाठ व आरती:** मिली जानकारी के अनुसार शीघ्र ही नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान राम की आरती व पाठ का कार्यक्रम समितियां द्वारा आयोजित की गई है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आस्था के इस महाकुंभ में नगर ही नहीं अपितु आसपास का संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र भी उमड़ पड़ा है।

## गांजा की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान

# लाखों का गांजा समेत दो कार जब्त पांच अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी लग्जरी कार में कर रहे थे गांजा की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

विभिन्न माध्यमों से यह सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी कि, जिले का गिधौरी होते हुए जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ की ओर सड़क मार्ग गांजा तस्करों द्वारा एक सुरक्षित मार्ग के रूप में उपयोग किया जा रहा है। गांजा तस्करों के इस नेटवर्क को तोड़ने एवं इस अवैध कार्य में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार कड़ी कार्रवाई होना अत्यंत आवश्यकता था। उक्त योजना पर कारगर कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव को गिधौरी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ सड़क मार्ग पर लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। जिसका सुखद परिणाम बुधवार को देखने मिला।

गिधौरी पुलिस ने 9 जनवरी को सड़क मार्ग पर नाकाबंदी कर 9 लाख कीमत मूल्य का 89 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पकड़ा था। साथ ही पुलिस टीम द्वारा इस मार्ग में लगातार सतत निगरानी एवं चेकिंग कार्यवाही लगातार जारी थी।

इसी क्रम में मुखबिर एवं विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना 9–10 जनवरी की दरम्यानी रात सारंगढ़ की ओर से सड़क मार्ग द्वारा 2 अलग–अलग कार के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर कुछ शातिर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर आने वाले हैं। इस सूचना पर 'थाना गिधौरी से थाना प्रभारी निरीक्षक केसी दास के नेतृत्व में उनि आर.डी.साहू, प्रआर नरेश खूंटे, मानिक बंजारे, आर सुजीत तम्बोली, रामलाल, नरेंद्र निषाद, सुरेश यादव, सिदार की पुलिस टीम द्वारा' अंधेरे एवं कड़कड़ाती ठंड ▶▶ शेष पेज 13 पर

### खास बातें

- 10–10 लाख कीमत का 101 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया
- एक दिन पहले ही इसी मार्ग पर पुलिस ने लाख का गांजा जब्त कर आरोपियों को भेजा था जेल





### लग्जरी कार से की जा रही थी गांजा तस्करी

इस प्रकार थाना गिधौरी पुलिस टीम ने 10 जनवरी को अलग–अलग दो प्रकरण में लग्जरी कार के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दोनों प्रकरणों में 10-10 लाख कीमत मूल्य के कुल 101 किलो गांजा एवं 13 लाख रुपए कीमत मूल्य की दो कार जब्त की है। इस प्रकार संपूर्ण कार्रवाई में गिधौरी पुलिस द्वारा एक क्विंटल से भी ज्यादा वजनी अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित कुल 23,10,000 कीमत मूल्य का मशरूका जब्त करने में सफलता मिली है। सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधौरी में नारकोटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।

### घेराबंदी कर कार रोका

9–10 जनवरी की रात बस स्टैंड गिधौरी के पास घेराबंदी कर एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। कार में चालक सहित 2 लोग बैठे थे, जिनसे पूछताछ पर दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लग रही थी। दोनों व्यक्तियों को नीचे उतारकर, कार का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। सफेद रंग मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्र. ड्ड04 ड्ढ 1348 में तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में पैकेट में बंधा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात कार में मिले गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई की गई, जिसमें कार से कुल 91 किलो गांजा मिला। जिसे विधिवत जब्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 9 लाख 10,000 है। साथ ही कार क्र. ड्ड04 ड्ढ 1348 अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने भूपेंद्र सिंह राजपूत पिता दिलीप सिंह 35 वर्ष निवासी पिपरिया इतवारा बाजार विनोबा वार्ड थाना पिपरिया जिला नर्मदापुर होशंगाबाद मध्यप्रदेश और पोषण सिंह पिता परमोधी सिंह 25 वर्ष निवासी ग्राम पिपरौड़ी जैतहरी अपना जैतहरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश शामिल हैं।

# घर में घुसकर मारपीट और मोबाइल की लूट तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम राजपुर में एक ग्रामीण के घर में घूस कर अश्लील गाली गलौच और मारपीट कर मोबाइल लुटकर ले जाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने जनकारी मिलते ही चंद घंटों में दबोच लिया। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल भेज दिया गया।

सुहेला थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित कर आरोपियों के मिलने के संभावित पता ठिकाना में दबिश देकर लूट घटना में सम्मिलत मनीष तिवारी पिता अनिल तिवारी 29 वर्ष साकिन हाउसिंग बोर्ड कालोनी अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण, राहुल वर्मा पिता प्रकाश वर्मा 21 वर्ष साकिन रवान और तुकेश वर्मा पिता सुकलाल वर्मा 38 वर्ष साकिन रवान थाना सिटीकोतवाली को अभिरक्षा में लेकर लूट कारित किये गये मोबाइल फोन विवो कंपनी को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### गाली गलौज और मारपीट की

पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 8.30 बजे प्रार्थी प्रमोद कुमार शर्मा निवासी ग्राम राजपुर थाना राजपुर जिला हाल ग्राम सेम्हराडीह थाना सुहेला में आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जनवरी की रात 9.30 बजे जब यह अपने घर सेम्हराडीह में खाना खा रहा था, तभी मनीष तिवारी अपने दो साथी राहुल वर्मा एवं तुकेश वर्मा के साथ जबरन घर में घुसकर की अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट किया और विवो कंपनी का मोबाइल फोन लूट कर ले गये। इस रिपोर्ट पर आरोपी मनीष तिवारी, राहुल वर्मा एवं तुकेश वर्मा के विरुध्द धारा 458, 394 भा.द.वि. पंजीबध्द कर जांच की गई।

# हर घर पहुंचा अयोध्या का निमंत्रण गांव में गूंजे जय श्रीराम के नारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और भगवान श्रीराम का हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का खरोरा से लगे ग्राम केसला में निमंत्रण रूपी अयोध्या से आए पुण्य अक्षत हर घर में दिया गया। अयोध्या से आए पुण्य अक्षत को बाजे गाजे से लाकर केशला के मां परमेश्वरी मंदिर में रखा गया था, जहां ▶▶ शेष पेज 13 पर

# महुआ शराब के साथ पकड़ाया कोचिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्राम पवनी में पुलिस ने रेड कार्रवाई कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले को रंगे हांथ पकड़ा। आरोपी संत राम पिता अभय राम साहू 52 साल ग्राम पवनी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़' के कब्जे से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायालय ने रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा। प्रकरण की संपूर्ण ▶▶ शेष पेज 13 पर

# उपमुख्यमंत्री शर्मा का सिमगा में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रथम सिमगा नगर आगमन पर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इसमें प्रमुख रूप से अनिल पाण्डेय, छोटू यादव, नीरज शर्मा, परीक्षित चतुर्वेदी, विजय सलुजा, मनीष सलुजा, मनोज सोनी, ज्ञानचंद साहू, मुरली साहू, आशीष तम्बोली, प्रेमलाल पाठक, पींटू चतुर्वेदी, बल्लू, किरण सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समय सीमा पर कार्य पूरा करने कलेक्टर ने ठेकेदार को तीन शिफ्ट में काम करने के दिए है निर्देश

# शबरी सेतु मरम्मत कार्य की कछुआ गति, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार और जांजगीर दो जिले को जोड़ने वाले शबरी सेतु पुल में इन दिनों मरम्मत का कार्य चल रहा हैं। पुल मरम्मत कार्य समय पर पूरा हो, इसके लिए कलेक्टर ने ठेकेदार को 24 घंटे तीन शिफ्ट में काम कराने का निर्देश दिए।लेकिन ठेकेदार द्वारा एक ही शिफ्ट में काम कराया जा रहा हैं। ऐसे में पुल मरम्मत का काम समय पर कैसे पूरा होगा ये बड़ा सवाल हैं। ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी पर न तो विभाग के अधिकारी अंकुश लगा पा रहे हैं और न ही जिला प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा हैं। ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे पुल मरम्मत कार्य की हकीकत जानने के लिए रात्रि 9 बजे जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो पुल पर मरम्मत का कार्य बंद मिला। मौके पर मौजूद पुल मरम्मत कार्य में लगे कुछ मजदूर बैठे आराम फरमा रहे थे। जब उनसे पुल मरम्मत कार्य से जुड़े सवाल पूछे तो मजदूरों का कहना था कि पुल मरम्मत का कार्य दिन में केवल एक शिफ्ट में चल रहा हैं। रात में कोई काम नहीं हो रहा हैं। मजदूरों ने बताया कि 24 घंटे काम करने का निर्देश ▶▶ शेष पेज 13 पर

- ठेकेदार कलेक्टर के निर्देश को दिखा रहा ठेंगा



### पुल पर रोजाना लग रहा जाम

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग शबरी सेतु में रोजाना बड़े वाहनों का लम्बा जाम लग रहा है और कई घंटों तक गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग ट्राफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। गिधौरी-शिवरीनारायण दोनों ओर आवागमन बाधित होने से परेशानी हो रही है। महानदी शबरी सेतु का स्लेप तोड़ने का काम कछुआ चाल से किया जा रहा है और बड़े वाहनों के आने जाने का रुट बदलने की जरूरत है और बड़े वाहनों पर पाबंदी नहीं की जाती है। शिवरीनारायण शबरी सेतु पर रोजाना घंटों जाम होते रहेंगे। गिधौरी के जन प्रतिनिधियों ने बैराज डेम पर अस्थायी मार्ग को चालु करने की मांग की है।

### रफ्तार बढ़ाने बोलूंगा

ठेकेदार को काम की रफ्तार बढ़ाने के लिए बोलता हूं। नियत समय तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

-आर के वर्मा
एसडीओ सेतु विभाग

### माघी मेले तक नहीं हुआ काम पूरा तो ट्रैफिक कंट्रोल करना हो जायेगा मुश्किल

पुल मरम्मत का काम वर्तमान में जिस तरह से हो रहा हैं, उसे देखते हुए यह उम्मीद नहीं दिख रही हैं कि शिवरीनारायण माघी मेले के पहले काम पूरा हो जाए। अभी पुल से स्लैब को तोड़ने का काम हो रहा हैं। स्लैब तोड़ने का काम अभी 10 प्रतिशत भी नहीं हो पाया हैं। पुल की लंबाई 800 मीटर हैं। स्लैब हटाने के बाद 800 मीटर में ढलाई का काम होना हैं। इस वर्ष शिवरीनारायण मेले की शुरुआत 24 फरवरी माघी पूर्णिमा से होगी। मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुए पुल मरम्मत का काम समय पर पूरा हो जाना चाहिए। यदि मेले से पहले काम पूरा नहीं हो पाया तो ट्रैफिक कंट्रोल कर पाना स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती भरा काम होगा। जिम्मेदार विभाग को लगातार मॉनिटरिंग करते हुए ठेकेदार से काम लेना होगा। तब कही जाकर समय पर काम पूरा होगा। मेले की शुरुआत के पूर्व काम पूरा नहीं हुआ तो लोगों की परेशानी बढ़ेगी।


**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### राजस्थान विद्युत सीएमडी के साथ उच्च अधिकारियों की होगी बैठक

**रायपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष और मुख्य प्रबंधक (सीएमडी) आरके शर्मा बुधवार को रायपुर पहुंचे। सीएमडी श्री शर्मा ने बताया कि वे राजस्थान के लिए कोयले की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए छग सरकार के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार छत्तीसगढ़ को कोयले के बदले में सालाना करीब 1000 करोड़ का राजस्व देता है। इनमें से 2013 से संचालित पीईकेबी खदान के विस्तार के लिए राजस्थान सरकार के तरफ से राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष और मुख्य प्रबंधक स्वीकृत जमीन मांगने के लिए रायपुर के दौरे पर आए हैं।

### दो दिवसीय किसान मेला और संगोष्ठी 12 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कार्यालय खपरी कुम्हारी में दो दिवसीय 12 से 13 जनवरी तक किसान मेला और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे और अध्यक्षता विधायक डोमनलाल कोसेवाडा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, वनमंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे। किसान संघ के प्रदेश सचिव भूपेंद्र दुबे ने बताया कि संघ कार्यालय भवन में प्रशिक्षण कार्यशाला वर्ष भर जारी रहती है। विगत एक वर्ष में केला की खेती से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम, ड्रिप सिंचाई का रख-रखाव व जल प्रबंधन, कुंदरु और परवल की उत्तम खेती, जमीन विकास व ट्रेक्टर ऑपरेशन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। संघ की ओर से किसानों को 20 हजार कटहल के पौधे और 6 हजार नारियल के पौधों का वितरण किया गया है, जिससे 120 किसानों ने फसल परिवर्तन करते हुए पौधे लगाए हैं।

### हसदेव जंगल कटाई रोकने पीएम और सीएम को पत्र



**रायपुर।** हसदेव की जंगल कटाई रोकने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक कसार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने खून से पत्र लिखा। अभिषेक कसार ने बताया कि भाजपा की प्रदेश में सरकार बनने के बाद से लगातार हसदेव के जंगलों की कटाई की जा रही है तब से युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में लगातार आंदोलन कर रही है। प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि रामलला अयोध्या में आने वाले है तो भगवान राम के ननिहाल को क्यों नष्ट किया जा रहा है। जिस जंगल (हसदेव अरण्य) में राम ने वनवास का समय माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ बिताया उसे कटने से बचा लीजिए।

### महाराष्ट्र मंडल पहुंचे आर्किटेक्चर टीएम घाटे, किया अवलोकन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन बहुत ही खूबसूरत और भव्य बना है। सुप्रसिद्ध आर्किटेक्चर, महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठतम सदस्य टीएम घाटे में इस आशय के विचार व्यक्त किए। महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के बाद पहली बार यहां पहुंचे थे। घाटे ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन सामाजिक न होते हुए व्यावसायिक भवन है। यह जरूरी भी है क्योंकि वर्तमान पीढ़ी की पसंद और चलन को ध्यान में रखकर इसे बनाया गया है। इस भवन के रखरखाव की तैयारी अभी से करनी पड़ेगी। भवन का बीमा हो, अग्निसुरक्षा के उपाय अपडेटेड हो, लिफ्ट की उम्र व मरम्मत के अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल संसाधनों के लगातार मेंटेनेंस और रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ते रहेगी, क्योंकि बड़े पैमाने पर इनका उपयोग होना है।

# गुढ़ियारी में श्रीमद भागवत कथा के लिए 2 लाख वर्गफीट जगह में बना रहे डोम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर मैदान पर श्रीमद भागवत कथा समिति और हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा 2 लाख वर्गफीट जगह पर विशाल डोम बनवाया जा रहा है। इसके लिए मध्यप्रदेश से 30 कारीगर राजधानी आए हैं, 15 दिन के अंदर यह विशाल डोम बनकर तैयार होगा। इसके साथ ही अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर श्रीमद्भागवत कथा के लिए आकर्षक मंच बनाया जाएगा। डोम में 50 हजार श्रद्धालु एक साथ बैठकर भागवत कथा का श्रवण कर सकेंगे। कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की झांकी बनाई जाएगी, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

गुढ़ियारी में 19 से 25 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचन के लिए अनिरुद्धाचार्य महाराज वृंदावन के 30 सदस्यीय मंडली के साथ पधारेंगे। कथा श्रवण के लिए छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्यों से भी सत्संग प्रेमी शामिल होने उत्साहित हैं। इनके ठहरने के लिए आयोजन समिति ने गुढ़ियारी में 4 अलग-अलग जगहों पर व यवस्था की है। इनमें जगन्नाथ धर्मशाला, परशुराम भवन, ओशो भवन गुढ़ियारी के साथ ही मारुति मंगलम भवन में व्यवस्था रहेगी।

### 50 हजार लोगों के बैठने की रहेगी व्यवस्था

#### 18 को आएंगे अनिरुद्धाचार्य महाराज, भव्य शोभायात्रा निकलेगी



गुढ़ियारी में हनुमान मंदिर ट्रस्ट और भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सिलसिले में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महराज 18 जनवरी को राजधानी आएंगे। इस दिन बाजे-गाजे के साथ भारत माता चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आतिशबाजी, पुष्पवर्षा के बीच जयकारे लगाते श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होंगे। यह शोभायात्रा भारतमाता चौक से होकर गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल पहुंचेगी।



- अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर बनेगा मंच
- 19 से 25 जनवरी तक अनिरुद्धाचार्य महाराज की भागवत कथा

#### हैदराबाद के भाग्य नगर से विधायक टी. राजा आएंगे

अवधपुरी मैदान पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा के आयोजन में 23 जनवरी को हैदराबाद के भाग्यनगर से भाजपा विधायक टी. राजा सिंह शामिल होंगे। भागवत कथा समिति के अध्यक्ष विकास सेठिया ने बताया, छत्तीसगढ़ में भाग्यनगर के विधायक टी. राजा के आगमन पर उनका स्वागत करने माना एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में अमरावती की भाजपा सांसद नवनीत राणा भी शामिल हो सकती हैं।

#### बना रहे 3 जगह स्वागत द्वार, 1 भव्य एंट्री गेट

आयोजन स्थल पर एक मुख्य द्वार के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 अलग-अलग जगहों पर स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम स्थल को अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी का नाम दिया गया है। कथा स्थल को सजाने के साथ ही पानी, बिजली, सफाई की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी मैदान पर 23 जनवरी को धर्मसभा होगी।

### बूढ़ातालाब की बंद सड़क इसी माह होगी शुरू

# दुर्गा मंदिर के सामने गेट हटाकर बनाई सड़क, क्रूज बिल्डिंग का हटा रहे ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर से दानी स्कूल की दीवार होते हुए नेहरू नगर को जोड़ने वाली सड़क अब दोबारा शुरू होगी। स्कूल के गेट को खोलने के साथ ही बगीचे में लगाए गए झूले शिफ्ट कर यहां पहले की तरह सड़क बनाई गई है। दुर्गा मंदिर के पास लगाए गए भारी भरकम गेट को हटाया गया है, ताकि स्कूली छात्राएं और शहरवासी दोबारा इस सड़क का उपयोग आने-जाने के लिए कर सकें। इधर दानी स्कूल की दीवार के पीछे क्रूज बिल्डिंग के लिए बनाए गए लोहे का ढांचा हटाने का काम भी शुरू हो गया है।

राजधानी के बूढ़ातालाब की जिस सड़क को तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने बंद कराया था, उसी को तोड़ने 40 लाख रुपए खर्च कर नेहरू नगर वाले हिस्से में पाथवे पर लगाए पेवर को तोड़कर कंक्रीट की नई सड़क बनाई जा रही है। बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क में लगाए गए झूले को शिफ्ट कर सड़क बनाई गई है। इसी सड़क का उपयोग अब लोग आने-जाने के लिए कर सकेंगे। इसके साथ ही बच्चों के झूलों की तरफ सुरक्षा के लिहाज से दीवार बनाई गई है, ताकि बच्चे सड़क की तरफ अचानक ना चले जाएं।



- दानी स्कूल, कालीबाड़ी की छात्र-छात्राओं सहित आम जनता को मिलेगी राहत

#### न चौपाटी बनेगी न क्रूज बिल्डिंग

रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ की बंद रोड को बंद करके चौपाटी बनाने की योजना रही, पर इसे निरस्त कर दिया गया है। वहीं क्रूज बिल्डिंग बनाने के लिए तैयार लोहे के भारी भरकम ढांचे के नट बोल्ट खोलकर हटाया जा रहा है। वहां लोगों की आवाजाही को देखते हुए क्रूज बिल्डिंग बनाने की योजना रद्द कर दी गई है।

# बीमा कर्मचारी की हड़ताल मंडल कार्यालय के सामने सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- भोजन अवकाश से पहले 1 घंटे का बहिर्गमन कर जताया विरोध

भारतीय जीवन बीमा निगम में सभी संवर्गों में जल्द नई भर्ती करने, लंबित वेतन पुनर्निधारण का शीघ्र समाधान करने की मांग को लेकर देशभर के बीमा कर्मचारियों और अधिकारियों ने भोजन अवकाश से पूर्व 1 घंटे का बहिर्गमन कर हड़ताल किया। राजधानी रायपुर के एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने जंगी हड़ताली सभा रखी गई। हड़ताल का आव्हान आल इंडिया इंश्योरेंस एंपलाइज एसोसियेशन, फेडरेशन आफ क्लास 1 आफिसर एसोसियेशन, नेशनल फेडरेशन आफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स और आल इंडिया एलआईसी एंपलाइज फेडरेशन द्वारा किया गया।

राजधानी रायपुर के एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने बीमा कर्मचारियों व अधिकारियों ने देशव्यापी बहिर्गमन हड़ताल के समर्थन में सभा आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एंपलाइज एसोसियेशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने एलआईसी के सभी संवर्गों में तत्काल नई भर्ती की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2017 में सेवारत 1,23000 अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थान पर अब घटकर मात्र 90 हजार लोग ही बचे हैं। इसमें से अधिकतर 55 साल से अधिक आयु वाले हैं, जो आने वाले 5 साल में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई भर्ती नहीं की गई, तो इतने विशाल संस्थान को चलाना मुश्किल हो जाएगा।

केवल डिजिटलाइजेशन से बीमा उद्योग नहीं चलाया जा सकता, इसके लिए मानव शक्ति की भी जरूरत पड़ेगी।

# उदंती की 70 हेक्टेयर जमीन से कब्जा जमींदोज, दर्जनभर हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिशा के लोगों द्वारा कब्जा किए गए 70 हेक्टेयर से ज्यादा वनभूमि को वनकर्मियों ने कब्जा मुक्त कराकर उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। जंगल को कब्जा मुक्त कराने के लिए धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद तथा कांकेर के महिला स्टाफ की विशेष भूमिका रही। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई में महासमुंद की एक महिला स्टाफ अपनी आठ माह की दूधमुंही बच्ची के साथ शामिल हुई।

गौरतलब है, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के टांगरान में अवैध कब्जा को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद वन अफसर तथा कर्मियों की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा को जमींदोज कर वनभूमि को कब्जा मुक्त कराया। उदंती सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक ओडिशा के 23 तथा धमतरी और गरियाबंद के 7 परिवार 70 हेक्टेयर वनभूमि में पेड़ों की कटाई कर पिछले एक दशक से अवैध कब्जा कर रह रहे थे। अफसरों को इसकी जानकारी नवंबर-दिसंबर में सेटेलाइट इमेज से मिली। इसके बाद वन अफसरों ने जगह खाली करने नोटिस जारी किया। नोटिस के जवाब में कब्जा करने वालों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मदद से हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।



70 हेक्टेयर वनक्षेत्र में 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई

उदंती-सीतानदी के सघन वनक्षेत्र को उजाड़ने का सिलसिला जारी, ओडिशा के लोगों ने किया कब्जा

सोमवार से बेदखली की कार्रवाई की जाएगी

सेटेलाइट इमेज से चोरी पकड़ी गई

- 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई कर किया था अवैध कब्जा
- अवैध कब्जा मुक्त कराने चार जिलों की महिला स्टाफ की रही विशेष भूमिका
- एक महिला स्टाफ ऐसी जो अपनी आठ माह की बच्ची के साथ कार्रवाई करने पहुंची

#### भारी संख्या में वनकर्मियों की टीम की गई थी तैनात

वन अफसर के मुताबिक जंगल में पेड़ों की कटाई तथा अवैध कब्जा करने को लेकर 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वे कार्रवाई के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के साथ लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछली दफा की कार्रवाई में इचारदी में अतिक्रमणकारियों ने वन अमले पर हमला कर दिया था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में भारी संख्या में वनकर्मियों की टीम तैनात की गई थी। साथ में जगह को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग का अमला भी मौके पर उपस्थित रहा।



#### कब्जा मुक्त कर जगह समतल किया

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक 40 महिला स्टाफ के साथ ढाई सौ वनकर्मियों की टीम ने जगह खाली कराई। जगह को कब्जा मुक्त कराने के तत्काल बाद स्थल का समतलीकरण कर दिया। साथ ही कुछ हिस्से (डी- ग्रेडेड फारेस्ट) पेड़ काटने के बाद बंजर पड़ी भूमि में कंटूर ट्रेंच बनाये गए, ताकि बारिश के पानी से भू -जल रीचार्ज हो सके और जला दिये गए ठूंठ में से कोपल निकल सके।

#### धार्मिक चबूतरा बनाकर कब्जा बचाने की कोशिश

जंगल में कब्जा करने वालों ने अवैध कब्जा के खिलाफ वन विभाग कार्रवाई न कर पाए, इसके लिए जहां कब्जा किए थे, वहां देवगुड़ी बना लिए थे। कब्जा मुक्त कराने के समय कब्जाधारियों ने देवगुड़ी की आड़ लेकर कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश भी की, लेकिन वन अफसरों ने लोगों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए देवगुड़ी को सुरक्षित रखा।

# कलेक्टर ने किया सुबह निरीक्षण, दोपहर में गिरा बरामदे का छज्जा, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कलेक्टोरेट बिल्डिंग के खनिज विभाग दफ्तर के बरामदे का गिरा छज्जा

कलेक्टोरेट बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में खनिज विभाग के दफ्तर के सामने बरामदे में छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। इस हादसे के दौरान बरामदे में कोई नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि यह हादसा बड़ा रूप भी ले सकता था, क्योंकि बरामदे में हर रोज अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आम लोगों का आना-जाना लगा रहता। यही नहीं, हादसे के कुछ घंटे पहले कलेक्टर डा. गौरव सिंह भी विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण के दौरान इसी बरामदे से होकर खनिज विभाग के दफ्तर पहुंचे थे। गनीमत है कि छज्जा जिस समय गिरा, उस दौरान बरामदे में न ही कलेक्टर मौजूद थे और न ही अधिकारी-कर्मचारी या आम लोग, नहीं तो हादसे में उन्हें भी चोटें लग सकती थी।

**बिल्डिंग में कई विभागों के दफ्तर संचालित:** तीन मंजिल बिल्डिंग में अधिकारियों के कोर्ट के साथ खनिज विभाग, आबकारी विभाग, भू-अभिलेख, योजना एवं सांख्यिकी, खाद्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, समग्र शिक्षा सहित अन्य विभागों के दफ्तर संचालित होते हैं। इन दफ्तरों में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी ड्यूटी करते हैं।

**कृषि विभाग की बिल्डिंग भी हो चुकी है जर्जर:** कलेक्टोरेट स्थित कृषि विभाग की बिल्डिंग भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस बिल्डिंग की दूसरी मंजिल के कई कमरों के छज्जे गिर चुके हैं। इन छज्जों के सरिया भी सड़ चुके हैं। इसके बाद भी इन कमरों में कई कर्मचारी अपनी जान की परवाह किए बिना हर रोज बैठने के लिए मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें हर रोज डर लगा रहता है कि कोई छज्जा उन पर गिर ना जाए। इस डर के बावजूद वे कमरे में बैठ रहे हैं।





#### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

पुरानी बिल्डिंग के कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं। ऐसे में इस बिल्डिंग का कहीं भी कभी भी छज्जा गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा भी हो सकता है।

#### जर्जर हो चुकी है बिल्डिंग

कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग का कई हिस्सा जर्जर हो गया है। इसके कारण इस बिल्डिंग की कई दीवारों में जहां दरारें आ गई हैं, वहीं दीवारों के बाहर निकले छज्जे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इससे पहले भी बिल्डिंग के मुख्य गेट के ऊपर का छज्जा, टाउन हॉल की तरफ के छज्जे का बड़ा स्लैब नीचे गिर चुका है। बताया जा रहा है कि टाउन हॉल की तरफ जब छज्जा गिरा था, तो उस समय उसके नीचे में कुछ दोपहिया वाहन पार्क थे। छज्जे के कुछ टुकड़े वाहन पर भी गिरे थे, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा था।

# मनी लांड्रिंग को लेकर आईएएस अफसरों सहित अन्य से जेल में ईडी ने की छह घंटे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खनिज उत्खनन में घोटाले तथा मनी लांडिंग के आरोप में जेल में बंद कारोबारी, आईएएस अफसर तथा राज्य प्रशासनिक अफसरों सहित 10 आरोपियों से ईडी के अफसरों ने बुधवार को छह घंटे पूछताछ की है। आरोपियों से उनके पुराने बयान के आधार पर पूछताछ की गई। ईडी के अफसर आरोपियों से पूछताछ करने दोपहर 12 बजे जेल पहुंचे और उनसे शाम छह बजे तक पूछताछ की है।

गौरतलब है कि खनिज उत्खनन, परिवहन करने में घोटाला करने के साथ मनी लांड्रिंग में आरोपी बनाए गए आईएएस अफसर समीर विश्नोई, रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल सहित दो खनिज अफसरों से पूछताछ की गई। आरोपियों से पूछताछ करने ईडी के वकील ने अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में आवेदन पेश किया था। आवेदन के आधार पर कोर्ट ने ईडी को आरोपियों से पूछताछ करने 10 से 16 जनवरी तक का समय दिया है।




#### सभी से अलग-अलग पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक ईडी के अफसरों ने घोटाले तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ की है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में ईडी के अफसरों को कुछ नए तथ्य मिले हैं। तथ्यों के आधार पर ईडी के अफसर आने वाले दिनों में अलग से रणनीति तैयार कर मामले की पड़ताल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ में ईडी को कुछ और दस्तावेजों के बारे में जानकारी मिली है।

# अवैध परिवहन : 10 दिन में रेत-मुरुम व गिट्टी से भरी 29 गाड़ियां पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत, मुरुम व गिट्टी का अवैध परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की कार्रवाई का पिछले 10 दिन का आंकड़ा बताता है, जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार किस तरह से चल रहा है।

विभाग ने 1 से 10 जनवरी के दौरान 23 गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों में 19 रेत, 4 मुरुम, 5 गिट्टी एवं एक ईंट से भरी हुई थी। सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला गया है। जिले में अब तक कई रेत खदानों को पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं मिल पाई है, वहीं कई गिट्टी की खदानों की लीज अवधि भी खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी इन खदानों में सिंडीकेट अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन का काम करा रहा है। रेत और गिट्टी के अलावा कई मुरुम खदानों में भी अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। इस तरह जिले में लगातार खनिज सामग्री का अवैध कारोबार चल रहा है। इस कारोबार को रोकने के लिए विभाग लगातार कार्रवाई तो करता है, लेकिन सिंडीकेट पर पूरी तरह नकेल कसने में अब तक नाकाम साबित रहा है।



### मंत्री बृजमोहन ने किया कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ का वार्षिक टेबल कैलेंडर का विमोचन उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन मोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर संघ के पदाधिरियों ने बताया कि इस कैलेंडर में छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक, सभी जिलों के कोषालय अधिकारी तथा वित्त विभाग के महत्वपूर्ण अधिकारी-कर्मचारी का मोबाइल नंबर अंकित है, जो आमजन के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



# तीन दिनों में 8525 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड, ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूम न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

कलेक्टर केएल चौहान के मार्गदर्शन और एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन तथा सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला के नेतृत्व में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 10 जनवरी को एक दिन में 3754 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बना। कलेक्टर चौहान ने इसके लिए डॉ. निराला और श्री जैन को बधाई दी। सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला ने बताया कि आयुष्मान महाअभियान के तहत 8 जनवरी को जिले में 1968, 9 जनवरी को 2803 और 10 जनवरी को 3754 आयुष्मान कार्ड बना। तीनों दिन के महाअभियान में कुल 8525 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बना। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना नैनो फर्टिलाइजर, सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना, वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र योजना शामिल हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों को मिल रहा लाभ



### ड्रोन का प्रदर्शन किया गया

कार्यक्रम की शुरुआत में महिलाओं ने यात्रा के वाहन का स्वागत रंगोली, कलश स्थापना और सामूहिक आरती से की। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य स्टाल में इलाज कराए और दवा लिए। ड्रोन प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम "धरती कहे पुकार के" से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। जिले के बरभाठा अ, बोरिदा, बरदुला, तिलाईदादर, दानसरा, रेडा, हरदी में, डभरा, लोधिया, डूमरपाली, गौरडीह, भिनोदा, गगोरी, बिलासपुर, मुड़पार (स), ओडकाकान, मोहतरा (न) में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणजन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अशोक की कविताओं का प्रसारण कल

**महासमुंद।** नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार अशोक शर्मा की कविताओं का रेडियो प्रसारण आकाशवाणी रायपुर केंद्र से 13 जनवरी सुबह 10 बजे काव्य गोष्ठी कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। इस काव्य गोष्ठी में रज़ा हैदरी और संगीता अग्रवाल ने भी भाग लिया है। उक्त रेडियो प्रसारण अब प्रसार भारती के एप न्यूज ऑन एयर के माध्यम से स्मार्ट फोन पर भी सुना जा सकता है।

### विश्वविद्यालय की जारी मेरिट सूची में छात्रा मनीषा शामिल

**बसना।** स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में बीएससी भाग- तीन की छात्रा मनीषा कैवर्त पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में 7वें स्थान पर रही है। मनीषा कैवर्त एक मध्यम कृषक परिवार से संबंधित है। वह विद्यालयीन जीवन में मेधावी छात्रा रही है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में मनीषा कैवर्त ने कुल 1800 अंकों में 1481 प्राप्तांकों के साथ मेरिट सूची में अपना 7वां स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को दिया है।

### शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें सुमन यादव, राजकुमारी यादव, मालती पटेल, अल्फू साहू, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा लाल बहादुर शास्त्री ने अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। सादा जीवन उच्च विचार के मार्गदर्शी सिद्धांत को उन्होंने आजीवन अपनाया और लोगों के लिए मिसाल प्रस्तुत की। सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है।

### कोमल पुरी गोस्वामी को दी गई श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई के संरक्षक कोमल पुरी गोस्वामी (69) का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंत्येष्टि उनके गृहग्राम डोंगरीपाली में की गई। वे आशुतोष पुरी के पिता थे। जिला इकाई द्वारा शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, उमेश भारती, यशवंत गिरि, विजय पुरी, मनोज गिरि सहित समाज तथा परिवार के लोग और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## कृषि फसलों का आंकलन, कीटनाशकों और पोषक तत्वों का छिड़काव में हो रहा उपयोग

# ड्रोन टेक्नोलॉजी ने कृषि कार्य में लायी नई क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

क्रमिक विकास के फलस्वरुप अन्य मशीनों और यंत्रों की भांति ड्रोन भी विकास के इस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां उसे खेती में भी प्रयोग में लाया जा सकता है और कृषि के क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता को देखते हुए इसकी लगातार मांग बढ़ रही है। कृषि के विभिन्न कार्यों में दक्षता व सरलता से प्रयोग में लाया जा सकेगा।

इससे छिड़काव करने पर समय की बचत के साथ–साथ मजदूरी की भी बचत होती है। ऐसी परिस्थितियों में, जहां परंपरागत मशीनों का उपयोग करना चुनौतीपूर्ण है, यहां पर इसका उपयोग किया जा सकता है। जब किसानों के खेत गीले हो, उसमें चलने में कठिनाई हो रही हो, इसके अलावा, गीले धान का खेत हो, गन्ना हो, मक्का व कपास की फसल, आम के बागान इत्यादि में विभिन्न ऊंचाइयों पर जाकर ड्रोन की सहायता से आसानी से छिड़काव किया जा सकता है। इससे क्रॉप इंफेक्शन का खतरा नहीं रहता जिससे संक्रमण पर भी काबू पाया जा सकता है। आज ड्रोन के माध्यम से तेजी से बीजारोपण भी किया जा सकता है। कंपनियों के द्वारा कई ऐसे ड्रोन विकसित किए गए हैं जिससे 20 से 25 एकड़ खेत की बुवाई कम समय में आसानी से की जा सकती है। ड्रोन में एक बार में 25 से 30 किलो बीज रखकर आसानी से बुवाई की जा सकती है। पूर्णतः स्वचालित यह ड्रोन 1 घंटे में 10 एकड़ खेत में बुवाई कर सकते हैं। खेती में ड्रोन की उपयोगिता कीटनाशक व खरपतवारनाशक रसायनों के छिड़काव में, फसल में रोगों व कीटों के स्तर की जांच व उपचार में खेतों की भौगोलिक स्थिति का आकलन करने में तरल और ठोस उर्वरकों का छिड़काव करने में फसल अवशेषों के अपघटन के लिए जैविक रसायनों का छिड़काव करने में, सिचाई व हाइड्रोजैल का छिड़काव करने में खेतों एवं जंगलों में बीजों का छिड़काव करने में फसल को कीटों एवं टिड्डियों के आक्रमण से बचाने में, मवेशियों व जंगली जानवरों से फसल को बचाने में मृदा के मानचित्र के विश्लेषण में ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है यह किसानों के स्वास्थ्य के साथ–साथ उनके समय को बचाएगा, वहीं उनके खर्चे में भी कमी आएगी और नैनो फर्टिलाइजर आदि का समान रूप से छिड़काव अपने खेत में किसान बहुत ही कम समय में कर सकेंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्र, के अंतर्गत गांव गांव में इसके प्रदर्शन से इसकी संभावनाएं और बढ़ गई हैं। इस प्रकार ड्रोन का कृषि में बहुद्देशीय मशीन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। कृषि में युवाओं आकर्षित करेगा ड्रोन।



### कृषि में ड्रोन की बढेगी भूमिका

ड्रोन कृषि प्रबंधन के संचालन के लिए उच्च परिशुद्धता और कम ऊंचाई की उड़ान भरकर छोटे आकार के खेतों में कार्य करने की क्षमता रखता है। ड्रोन खेतों के हालात जानने के लिए डाटा उत्तरण और उनका विश्लेषण करने, ऐसे कार्यों में विभिन्न अवयवों व घटकों के उचित और सटीक रूप से प्रबंधन में सहायक सिद्ध हो सकता है। इसके टैंक की क्षमता 10 लीटर तक की घोल को लेकर आसानी से खेत पर छिड़क सकता है। 15 मिनट में लगभग एक एकड़ क्षेत्रफल में अच्छी तरह से छिड़काव किया जा सकता है।

### क्या है ड्रोन

कृषि फसलों का आंकलन, भू–दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन, कीटनाशकों और पोषक तत्वों का का छिड़काव करने लिए किसान ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। ड्रोन को कई तरीकों से वर्गीकृत किया जा सकता है, जैसे उसके उड़ने की ऊंचाई के आधार पर, उसके आकार के आधार पर, उसके वजन उठाने की क्षमता के आधार पर, उसकी पहुंच क्षमता के आधार पर इत्यादि परंतु मुख्य रूप से इसे वायु गतिकीय के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। नगर विमानन महानिदेशालय के अनुसार ड्रोन को टेक ऑफ वेट के अनुसार पांच भागों में वर्गीकृत किया गया है– नैनो 250 ग्राम से कम या बराबर (सूक्ष्म) 250 ग्राम से बड़ा और 2 किलोग्राम से कम या बराबर (मिनी) 2 किलोग्राम से बड़ा और 25 किलोग्राम से कम या बराबर (बड़ा)150 किलोग्राम से बड़े व्यावसायिक क्षेत्र में इनको उड़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों व नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

## कलेक्टर ने बांसउरकुली में पीएम आवास का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर केएल चौहान ने बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बांसउरकुली में पूरे हो चुके पीएम आवास ग्रामीण का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने हितग्राही नरबाई पति बलदराम और एक अन्य हितग्राही के घर जाकर उनसे बातचीत की। कलेक्टर ने रसोई में गैस सुविधा का निरीक्षण किया और गैस से खाना पकाते हो या नहीं, हितग्राहियों ने रसोई गैस से खाना बनाने का जवाब दिया। इस दौरान दोनों हितग्राहियों को कलेक्टर ने पुरस्कार प्रदान किया। दोनों हितग्राही परिवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंक चौहान, सीईओ योगेश्वरी बर्मन उपस्थित थे।

## राजस्थान में आयोजित क्रीड़ा स्पर्धा में हुनर दिखाएंगा लारेंस



**भाटापारा।** स्थानीय इतवारी राम यादव बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं कामर्स के छात्र लारेंस मसीह का चयन 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जुडो अंडर 19 में हुआ। प्रतियोगिता श्री गंगा नगर राजस्थान में 14 से 18 जनवरी तक आयोजित हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने छात्र लारेंस मसीह टीम कोच के साथ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में रवाना हुआ। छात्र को शुभकामनाओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा, नारायण प्रसाद साहू, अमित तिवारी एवं उभय कुमार साहू ने विदा किये

## निकाली अक्षत कलश यात्रा...



**पलारी।** अयोध्या से आए अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा ग्राम गोड़ा में तेजराम वर्मा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की गई। अक्षत कलश यात्रा में ग्रामीणजन भारी संख्या में शामिल हुए। ग्रामवासियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित श्रीराम मन्दिर में भगवान विराजमान होंगे, जिसे गांव में दिपावली की तरह त्यौहार मनाने और अपने घरों, पूजा स्थान, घर के बाहर दीया जलाने की अपील की।

## छात्रों को खेलकूद के लिए बांटी गई जर्सी



**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रवास बीटीआई रोड कलेक्टर कार्यालय के पीछे में बच्चों को खेलकूद के लिए जर्सी वितरण किया गया। साथ ही बच्चों से आगे भविष्य की योजना के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए करियर मार्गदर्शन के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने साथ ही आत्मसुरक्षा के लिए जल्द से जल्द कराते के लिए सुपर संडे में बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई जाएगी। साथ ही पालकों का भी आवश्यक बैठक लेकर बच्चों की जिज्ञासा से अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर एसपी ध्रुव जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, एके ठाकुर सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, डमरू धर मांझी पार्षद, ऋतु चंद्राकर अधीक्षिका एवं क्लास छठवीं से दसवीं तक के सभी 100 बच्चे उपस्थित रहे।

## आज और कल 20-20 ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 12 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत नवागांव और जोगीडीपा में सुबह 10 बजे से एवं पटेवा और तोरला में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत कोमाखान और कुलिया में सुबह 10 बजे से एवं घोयनाबाहरा कला और कसेकेरा में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत रिखादादर और डोंगरीपाली छ में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत जेराभरन और छोटेलोरम में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत माधोपाली और करनापाली में 10 बजे से एवं लम्बर और कुसमुर में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत कोसमपाली और मुंधा में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत जम्हारी और पाटसेंद्री में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 13 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत बावनकेरा और सिंधौरी में सुबह 10 बजे से एवं छिंदौली और पथर्री में दोपहर 2 बजे एवं डुमरपाली और माधोपाली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन होगा।

# घटमड़वा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी ग्राम घटमडवा में गुरुवार को पहुंची, जहां पंचायत के प्रतिनिधियों ने गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत किया। इस दौरान सभी विभागों का स्टाल लगाया गया था और हितग्राहियों को गैस चूल्हा, आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देख लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी देकर जागरूक किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता चौहान, सरपंच प्रतिनिधि शिवनाथ चौहान, उपसरपंच महावीर गोंड, सचिव सुरेंद्र विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण पटेल, राजा वर्मा युवा मोर्चा मंडल, सुनील गुप्ता सरपंच प्रतिनिधि गिधौरी ,पंच गेंदराम वर्मा, कांति चौहान, हेमबाई पटेल, कला बाई मांझी, कृष्णा यादव, राजेंद्र घृतलहरे, अनिता साहू, शिवकुमारी, शांति बाई वर्मा, बद्री वर्मा, सरोजनी वर्मा आदि शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### लाखो का गांजा...

में खुले आसमान के नीचे सारंगढ़–गिधौरी सड़क मार्ग पर नाकाबंदी की।

दूसरे प्रकरण में 9–10 जनवरी की रात ग्राम कुम्हारी के पास घेराबंदी कर एक नेक्सान कार को रोका गया। कार में चालक सहित 3 लोग बैठे थे। तीनों व्यक्तियों को नीचे उतारकर, कार का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। नेक्सान कार क्र. ब्ळ 17 ज्ञै 4594 में तलाशी के दौरान वाहन में 10 पैकेट में गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात कार में मिले 'गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई की गई, उक्त गांजा का बाजार मूल्य 1,00,000 है। साथ ही नेक्सान कार क्र. ब्ळ 17 ज्ञै 4594 की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपए को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कार्रवाई में 10 किलोग्राम गांजा सहित कुल 9,00,000 का मशरूका जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों में राघवेंद्र बसोड पिता फुलझर 32 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ा तिगड्डा थाना गाडावारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, दाशरथी मिहिर पिता गंगाराम 40 वर्ष निवासी ग्राम जमला थाना पदमपुर जिला बरगढ़ उड़ीसा और सरोज साहू उर्फ लाला साहू पिता चंद्रबली 25 वर्ष निवासी ग्राम पथरौड़ी थाना कोतमा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश शामिल है।

### घर में घुसकर...

प्रकरण के आरोपियों को रिपोर्ट के महज चंद घंटों में पतासाजी कर अभिरक्षा में लेकर लूट कारित किये गये मोबाइल फोन को बरामद करने में थाना सुहेला से निरीक्षक अजय झा, समीर शुक्ला, पुरेन्द्र साहू, सुरेश वर्मा, बालेश्वर भगत, की सराहनीय भूमिका रही।

### हर घर पहुंचा...

गुरुवार को सुबह पूजा पाठ करके भक्तों की टोली में महिला, पुरुष, युवा वर्ग सहित ग्रामवासी शामिल हुए। भक्तों की टोली ने भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया, जिसमें पुण्य अक्षत और भव्य मंदिर श्रीराम का चित्र हर घर में भक्ति भाव से भेंट किया।

संयोजक लक्ष्मण बोलबम देवांगन, सहसंयोजक शिवलाल देवांगन, कामता देवांगन, लोमश देवांगन, राजेश चौहान, रामकुमार देवांगन, सरपंच द्रोपति विनोद देवांगन, वचन राठौर, सेवकराम, तोषण यादव, आदर्श युवा संघ के देवेंद्र सिन्हा, भुनेश्वर सारथी, सूरज, छगन, विक्की, दीपक, कृष्णकांत एवं मातृशक्ति के रूप में कौशील्या, सरस्वती, गिरिजा एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### महुआ शराब के...

कार्रवाई में एस आई शिव कुमार धारी, एचसी भंवरलाल काटले, आरक्षक अमृत खूटे, हेमंत जटवार, शंकर कुर्रे, कमल कुर्रे, चंदन दिनकर, प्रीति खड़िया एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

### शबरी सेतु मरम्मत..

अधिकारियों से मिला हैं, लेकिन मजदूरों की कमी के कारण व्यवस्था नहीं बन पा रही हैं। मजदूरों से मिले जवाब से स्पष्ट हैं की ठेकेदार को अधिकारियों के आदेश की कोई परवाह नहीं है। ठेकेदार अपने हिसाब से काम करा रहा हैं और जिला कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की जा रही है। इन सबके बाद भी विभागीय अधिकारी ठेकेदार की मनमानी पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

विदित हो कि शबरी पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए शासन ने पुल मरम्मत कार्य के लिए 78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की हैं। पुल मरम्मत कार्य का ठेका इलाहाबाद के ठेकेदार हौसला प्रसाद मिश्रा को मिला हैं। पुल मरम्मत कार्य में लगा ठेकेदार नियमों को ताक पर रख कर काम करा रहा हैं। पुल मरम्मत का कार्य समय सीमा में कैसे पूरा होगा देखने वाली बात होगी। सेतु विभाग के अधिकारी ठेकेदार के कामों का अवलोकन भी नहीं कर रहे हैं, जिससे पुल मरम्मत का काम कछुआ गति से चल रहा हैं। यही हाल रहा तो पुल पर मरम्मत का काम समय पर पूरा नहीं होगा और लोग परेशानी झेलते रहेंगे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## कलेक्टर चौहान ने रामनामी भजन मेला और 26 जनवरी की तैयारी संबंधी अधिकारियों को दिए निर्देश

# कलेक्टर ने स्कूल, छात्रावास और खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

कलेक्टर के एल चौहान ने बरमकेला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरीपाली का निरीक्षण किया एवं कक्षा 7 के छात्रों से 13 एवं 17 का पहाड़ा पूछा। छात्रों ने उत्साहपूर्वक पहाड़ा बताया तो कलेक्टर ने खुश होकर छात्राओं को चाकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कलेक्टर बच्चों साथ बैठकर मध्याहन भोजन किया। भोजन उपरांत कलेक्टर ने कृषि मंडी डोंगरीपाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल की जानकारी, हमालों की संख्या, बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली और कम्प्यूटर की जांच की। इसके साथ ही धान विक्रय करने आए किसानों से धान की पैदावार के बारे में जानकारी ली और नमी की जांच की।

उपस्थित किसानों एवं नागरिकों ने इस दौरान एटीएम की मांग किए। जिस पर कलेक्टर ने जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम दुलोपाली में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बने रहे आवास का निरीक्षण किया और हितग्राही रामजीलाल साव के घर जाकर उन्हें अपने हाथों से एक घरेलू उपयोग के पुरस्कार प्रदान किया, इस पर श्री साव ने कलेक्टर के प्रति आभार जताया। कलेक्टर ने बरमकेला तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया एवं उपस्थित स्टाफ से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। लंबित मामलों के तत्काल निराकरण के लिए पटवारियों की बैठक लेकर आर.बी.सी. 6(4) के प्रकरणों का प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम वासु जैन, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, तहसीलदार आयुष तिवारी, बरमकेला बीईओ एवं प्राचार्य नरेश चौहान उपस्थित थे।

### जिले में माह में एक दिन लगेगा मेडिकल बोर्ड



**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर केएल चौहान ने जिला स्तरीय अधिकारियों से जिले में कार्यों की अद्यतन प्रगति के संबंध में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में माह में एक दिन मेडिकल बोर्ड तैनात रहे, ताकि लोगों को मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। कलेक्टर ने कहा कि सोमवार को सभी अधिकारी विभागीय कार्यों के लिए जाने वाले दौरा को स्थगित करते हुए कार्यालय में उपस्थित रहेंगे, ताकि जनदर्शन में कोई नागरिक आए तो अधिकारी उपस्थित मिले। कलेक्टर श्री चौहान ने अपेक्स बैंक में किसानों के खातों में जमा राशि निकालने की व्यवस्था के संबंध में उप प्रबंधक जीपी सिंह से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अपेक्स बैंक के सारंगढ़ और बरमकेला शाखा में किसानों को निरंतर राशि प्रदाय की जाने की जानकारी दी। किसानों को एटीएम कार्ड प्रदान करने की व्यवस्था भी जानकारी दी। जिन किसानों को एटीएम कार्ड एक्टिवेट करने ओटीपी आदि के लिए एक दिन अपेक्स बैंक आना होगा। इसके साथ-साथ एटीएम देने से किसानों से शिकायत आती है कि कोई रिश्तेदार एटीएम से उनका पैसा आहरण कर लिया। इसलिए अधिकतर किसान एटीएम कार्ड का उपयोग करने के बजाय सीधा बैंक आकर पैसा निकालना पसंद करते हैं।

कलेक्टर चौहान ने ग्राम गोड़िहारी के धान खरीदी केन्द्र परिसर में विद्युत लाइन को खंभा या अन्य माध्यम से सुदृढ़ीकरण करने के लिए विद्युत अधिकारी नरेन्द्र नायक को निर्देशित किया। बैठक में कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने किसानों के खातों में आने वाले धान बोनस के लिए कैरी फारवर्ड की समस्या को बताया। कलेक्टर ने सहायक पंजीयक व्यासनारायण साहू को कहा कि सभी किसानों के खातों की जानकारी दे, ताकि एनआईसी रायपुर से बात कर किसानों के कैरी फारवर्ड की प्रक्रिया को पूरा की जाए। कलेक्टर ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम लेन्ध्रा छोटे में आयोजित रामनामी भजन मेला और 26 जनवरी की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। राजस्व प्रकरणों में सीमांकन, डायवर्सन, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता चर्चा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि नामांतरण प्रकरण में देरी ना हो। इसी प्रकार समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी और सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला को कलेक्टर ने कहा कि मातृ जिला रायगढ़ में होने वाले मेडिकल बोर्ड की तरह हमारे जिले में माह में एक दिन मेडिकल बोर्ड की बैठक हो। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा करें और आवश्यकता अनुसार मैं संबंधित अधिकारियों से इस व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करूंगा, ताकि इस जिले के नागरिकों को चेकअप के लिए रायगढ़ जाना ना पड़े।

### आज लेन्ध्रा पहुंचेंगे अफसर

इसके साथ-साथ कलेक्टर ने 12 जनवरी को सुबह 11 बजे भजन स्थल लेन्ध्रा में आवश्यक व्यवस्था के लिए सभी अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए कहा। श्री चौहान ने बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करने, आश्रम छात्रवास में अधिकारियों को निरीक्षण करने, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सीडिंग, शासकीय भूमि बैंक, पीएम आवास, व्यवस्थापन, हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण में जवाब आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्धाज, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, बी एक्का सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खट्टी में लोगों की सेहत जांच

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जनवरी को एनसीडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, एचबी ब्लड, शुगर जांच की गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। जिसका लाभ उठाने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ कमलेश्वरी ध्रुव, मनीष साहू, मितानीन संतोषी साहू, पार्वती प्रतिनिधि कांत शर्मा, सरपंच दुजराम साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### द्वारिका प्रसाद साहू



**कसडोल।** बैगा डीजे के संचालक द्वारिका प्रसाद साहू 54 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। श्री साहू के आकस्मिक निधन पर केदार साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू, गणेश साहू, लोमश साहू, संतोष साहू, प्यारे लाल साहू, गोविंद साहू, गोपी साहू, मंगल साहू, ऐश्वर्य साहू, भानु प्रताप साहू, देवेंद्र साहू, विजय साहू सहित कसडोल के आमजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### जयनारायण वर्मा



**खरोरा।** ग्राम भैसा ( भैसमुडी ) निवासी छाया मेडिकल के संचालक जयनारायण वर्मा पिता सेवक राम वर्मा 47 वर्ष का 10 जनवरी को निधन हो गया। वे गजेंद वर्मा के छोटे भाई थे। उनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम भैसमुड़ी के मुक्ति धाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा आस पास लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने शामिल हुए। उक्त अवसर पर पंकज साहू, संदीप जयसवाल, राजा पंसारी, केसरी वर्मा, दिनेश वर्मा, खेवन विश्वकर्मा, महेंद्र सेन, बाल मुकुंद्र जयसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ ने कलेक्टर के समक्ष रखीं विभिन्न मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव



छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सारंगढ़ पहुंच कर कलेक्टर केएल चौहान से मुलाकात की और शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2024 के लिए संघ द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन भी किया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत से भी प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर कैलेंडर का विमोचन कराते हुए शिक्षक संवर्ग की समस्याओं के निराकरण की अपील की। दोनों अधिकारियों ने समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन प्रतिनिधि मंडल को दिया।

संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं में पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पास बुक संधारण करवाने, मृत एलबी संवर्ग शिक्षकों के आश्रितों को परिवार पेंशन स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र करने, लम्बित स्वत्वों के भुगतान करने, शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करते हुए क्रमोन्नति का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी विभाग को भेजने, सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य पद पर पदोन्नति शीघ्र किए जाने, शा. उ. मा. विद्यालय धनसीर के लिए शाला भवन स्वीकृति का प्रस्ताव संबंधित विभाग को शीघ्र भेजे जाने के संबंध में संघ के प्रांतीय सचिव नरेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय सचिव नरेन्द्र साहू , जिलाध्यक्ष सारंगढ़-बिलाईगढ़ महिपाल साहू, अश्वनी कुमार जाटवर जिला उपाध्यक्ष, योगराज सिंह मैत्री जिला कोषाध्यक्ष, कामता प्रसाद साहू विकासखंड अध्यक्ष बिलाईगढ़, राम कुमार साहू ब्लॉक सचिव बिलाईगढ़ ब्लॉक, राजेंद्र कुमार राय ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं जिला संयुक्त सचिव फिरत राम सायतोड़े सहित बड़ी संख्या में शिक्षक कांग्रेस संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष ने ली बैठक



**भटगांव।** भटगांव तहसील के नवनिर्मित पत्रकार भवन में श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गोल्डी नायक का बिलाईगढ़ सरसींवा और भटगांव तहसील के अध्यक्ष एवं ब्लॉक इकाई द्वारा अभिवादन किया गया। जिला अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश रंजन द्विवेदी और पत्रकारों का स्वागत हुआ। भटगांव तहसील संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, बिलाईगढ़ तहसील संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र देवांगन, सरसींवा तहसील संघ के अध्यक्ष देवेंद्र केसरवानी के साथ दर्जनों पदाधिकारी शामिल हुए।

# जिन्होंने गुरु बाबा के सिद्धांत को अपनाया उनका जीवन सुखमय हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह ब्लाक मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत देवरबोर में अयोजित किया गया, जिसमें मुख्यतिथि यादराम हिरवानी थे।

उद्बोधन में यादराम हिरवानी सदस्य गिरौदपुरी मेला विकास समिति ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एक समाज की नहीं बल्कि वे पूरे मानव समाज की है। जिसने भी उनके बताए गए मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात किया है। उनका जीवन सुखमय हो गया है। बाबा गुरु घासीदास ने मानव मानव एक समान का संदेश दिया। मां-बाप की सेवा को सर्वोपरि बताया है। बाबा ने हमेशा सत्य बोलने पर बल दिया है। पर नारी को माता के समान मानने की सिद्धान्त बताए। उन्हीं की बातों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में उल्लेख किया है और हमें सान से जीने का अधिकार दिया है। सभी धर्म के लोगों को अपने-अपने धर्म को सर्व श्रेष्ठ मानने की बात कही है। लेकिन बाबा गुरु घासीदास ने सम्पूर्ण मानव समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है और कहा है कि मानव-मानव एक समान है। कार्यक्रम रामदास जांगड़े, सालिकराम घृतलहरे, डमरू लाल जाटवार, मनीष चेलक, प्रसांत मोहना, इंद्रजीत, हरिचद भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

- तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती देवरबोर पंचायत में मनी, कार्यक्रम में मेला समिति के सदस्य यादराम हुए शामिल

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**खरोरा।** श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को आचार्य भोला गोस्वामी महाराज ने श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह का रसपान कराया। श्रीमद भागवत कथा के दौरान झांकियां प्रस्तुत महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोले नाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गये। मथुरा प्रसंग के भगवान को लेने आए जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपिया भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हुई और कहने लगी कन्हैया जब हमें छोड़ कर जाना ही था, हम से प्रेम क्यों किया। रुक्मणी विवाह उत्साह पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। कथा समारोह में कामेश पाल, मदनपाल, धनु वर्मा, तुलाराम वर्मा, राजू वर्मा, राजू पाल, नारद वर्मा, श्रवण पाल, खेदु वर्मा, परेमू पाल, सरपंच सुरेंद्र, चिंताराम वर्मा, रविंद्र सिंग चावला, सरण प्रीत कौर चावला, नंदकिशोर पाल उपस्थित थे।

# एनएसएस छात्र लोगों को प्रतिदिन योग करने का दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी





शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत कुची में आयोजित है, जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से योग मेडिटेशन कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जोशी के मार्गदर्शन पर लीमेश वर्मा और वरिष्ठ स्वयंसेवक रोहित साहू ने योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा ध्यानमुद्रा, अनोलोम विलोम, कपालभाती, उज्जइ प्राणायाम आदि योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है। भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। उमेश कुमार श्रीवास सहा.प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने करव योग रहव निरोग का संदेश दिया और सभी स्वयंसेवकों को प्रतिदिन योग करने का करने को कहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक टुकेश साहू, डिगेश्वरीसेन, कुनालसेन, शिविर नायक सत्यप्रकाश कुर्रे,शिविर नायिका मीनू बघेल, खूबचंद बघेल ग्रुप लीडर मीनाक्षी पटेल, नागेंद्र वर्मा, लक्ष्मी यादव, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, लालिमा साहू, गीतांजलि ध्रुव, गुलशन साहू, शहीद वीर नारायण सिंह ग्रुप लीडर लोकेश्वरी, विजय वर्मा, धनेश्वरी, नेहा बघेल, योगिता साहू, निषाद, गीत लहरी, प्रमोद कुमार,बिरसा मुंडा ग्रुप लीडर पूजा ध्रुव, सूरज वर्मा, उर्वशी मानिकपुरी, ज्योति निषाद, मनीष साहू, कंचन साहू, कमलेश चक्रधारी, गुरु घासीदास ग्रुप लीडर दामिनी वर्मा, टोकेश्वर देवदास, छविराम चक्रधारी, रीना, भूमिका, ईशान निषाद, पिंकी ठाकुर ,प्यारेलाल सिंह ग्रुप लीडर सुमन खरे, साहिल बंजारे, नीलम फेकर, रीना बंजारे, करिश्मा, शिवानी बघेल, परमानंद चक्रवर्ती आदि सभी दलों के दल नायक व सभी स्वयं सेवक एवं ग्राम कूची के नागरिक उपस्थित थे।

# शिक्षक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षामंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

पलारी अंचल के शिक्षक प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास मौलश्री विहार राम रायपुर में मिले। श्री अग्रवाल ने संघ का आभार जताया एवं शिक्षकीय हित में सहयोग करने संघ को आश्वासन दिया। स्वागत अभिनंदन समारोह में प्रदेश भर के प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक महासंघ के सदस्य मौजूद थे।

## प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के छात्रों ने लिया हिस्सा

# छात्रों ने जीती शत-प्रतिशत खेल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा



ग्राम अहिल्दा में 3 से 5 जनवरी तक संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में हुई, जिसमें संकुल अहिल्दा व सरखोर के 8 ग्रामों के 15 स्कूलों के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें दौड़, फुगड़ी, खो-खो, कबड्डी, गोला फेक आदि खेलों का आयोजन किया, जिसमें ग्राम चिचिरदा के लगभग 100 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर लगभग 70 प्रतिशत खेलों पर अपनी जीत दर्ज कर शाला व ग्राम का नाम रोशन किया। इसमें शाला परिवार ग्राम पंचायत एस एम सी सदस्यों ने संयुक्त रूप से बच्चों को सम्मानित करने के लिए शनिवार 6 जनवरी को सम्मान समारोह आयोजित कर विजेता छात्र-छात्राओं को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सरपंच रामलाल पैकरा, भाजपा जिला महामंत्री युवा प्रकोष्ठ प्रशांत यादव, एसएमसी अध्यक्ष सुखचरण निषाद, पूनाऊ राम पैकरा, पंचगण मोतीराम पैकरा, मनमोहन पैकरा, संतोष लसेर, संस्था प्रमुख प्रधान पाठक भिजराम वर्मा, शिक्षक प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक मनोज कुमार ध्रुव, शिक्षिका लता ध्रुव, प्यारेलाल बरेठ, नरदू राम पैकरा, रमेश कुमार दीवान, पापू राम वर्मा, प्रेम कुमार पटेल, हरेंद्र साहू, प्रभा वर्मा, जागेश्वर चतुर्वेदी, देहूति दीवान व शाला के छात्र-छात्राएं मौजूद थी। बच्चों के शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए पांचवीं व आठवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सरपंच व एसएमसी अध्यक्ष द्वारा एक-एक हजार व प्रशांत यादव द्वारा भी एक-एक हजार रुपए से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की, जिसकी सभी शिक्षकों का छात्रों ने सराहना की।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल, बलौदा (हसवा), रवान** में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411